कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 30.10.2023

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

## गर्ल्स कॉलेज में
## डॉ. आर. एन. सिंह का सम्मान समारोह
# शैक्षणिक गतिविधियों में गुणवत्ता बढ़ी है - डॉ. आर. एन. सिंह

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिले के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एन. सिंह के सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मान किया गया तथा उनके उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान पर सभी ने उन्हें बधाई दी।

आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. आर.एन. सिंह ने कहा कि विगत 40 वर्षों में उच्च शिक्षा में काफी बदलाव आया है। शैक्षणिक एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियों में गुणवत्ता का विकास हुआ है। शिक्षक, विद्यार्थी, संस्था का राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन से व्यापक परिवर्तन आया है, गुणवत्ता बढ़ी है।

उन्होनें विद्यार्थियों के हित में अध्ययन-अध्यापन का क्रम निरंतर जारी रखने का आव्हान करते हुए अनुशासन एवं कर्तव्य का पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होनें अपनी दीर्घ सेवा के दौरान मिले सहयोग को अविस्मरणीय बताया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने डॉ. आर.एन. सिंह के कर्मठ और सक्रिय व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए कई संस्मरण सांझा किए। वरष्ठि प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने भी डॉ. आर.एन. सिंह के योगदान की चर्चा की। महाविद्यालय परिवार द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में

## डॉ. आर. एन. सिंह का सम्मान समारोह

## शैक्षणिक गतिविधियों में गुणवत्ता बढ़ी है - डॉ. आर. एन. सिंह